# स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय, शाहजहाँपुर

(मुमुक्षु आश्रम, शाहजहाँपुर, उ०प्र०, पिन–242226)

Website- ssuniversity.ac.in E-mail ID – registrar@ssuniversity.ac.in

पत्रांक : 244/Reg.off./SSU/2026-27 दिनांकः 02.09.2026

सेवा में,

1. समस्त विभागाध्यक्ष
   विश्वविद्यालय परिसर
2. प्राचार्य/प्राचार्या
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषयः संस्कृत प्रतिभा खोज–2026 के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं की सूचना अधीनस्थ विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों तक प्रसारित कराये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् के पत्र संख्या–247/सं०सं०/2026/01/07/2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा कक्षा 06 से स्नातकोत्तर स्तर तक के छात्र–छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतिभा खोज 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिये विभिन्न वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता के आधार पर संलग्न पत्र के अनुसार चयनित प्रतिभागियों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

अतः क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली के पृष्ठांकन संख्या– क्षे०का०ब०/2836–37/2026–27, दिनांक 31.08.2026 के क्रम में संलग्न पत्र में उल्लिखित प्रक्रिया अनुसार अधिक से अधिक छात्रों को प्रतिभाग करने हेतु सूचित/प्रेरित करने का कष्ट करें।

संलग्न– यथोक्त।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली मण्डल, बरेली।
3. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

## कार्यालय शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

पृष्ठांकन संख्या शिवी विनअ / 1220-24 / 2026 27 दिनांक - 05/08/ 2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस पत्र के साथ संलग्न उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् के पत्र संख्या 24?/सं0 /2026 दिनांक 01.07.2026 के क्रम में संस्कृत प्रतिभा खोज 2026 के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं की सूचना अधीनस्थ विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों तक प्रसारित कराये जाने हेतु अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3. अपर सचिव उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
4. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय उत्तर प्रदेश।
5. तकनीकी सहायक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त पत्र को वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

Digitally signed by
GYAN PRAKASH VERMA
Date: 05-08-2026
11:18:48

डॉ0 (ज्ञान प्रकाश वर्मा),
संयुक्त निदेशक (उ0शि0),
कृते – शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

---

## कार्यालय, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली

पृष्ठांकन संख्या– क्षे.का.ब./2836-37/2026–2027, दिनांक–31/8/26

प्रतिलिपि– 1. कुल-सचिव महात्मा ज्योतिबाफुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली एवं स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय, शाहजहाँपुर, बरेली मण्डल की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

2 समस्त प्राचार्य/प्राचार्या राजकीय, आशसकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, बरेली मण्डल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
बरेली।

Scanned with OKEN Scanner

उत्तर-प्रदेश संस्कृत संस्थानम्

247/संसं/2026
01/07/2026

सेवा में,

निदेशक,
उच्च शिक्षा निदेशालय,
सरोजनी नायडु मार्ग, प्रयागराज - 211001
उत्तर प्रदेश।

**विषय:-** संस्कृत प्रतिभा खोज–2026 के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं की सूचना अधीनस्थ विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों तक प्रसारित कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा कक्षा 6 से स्नातकोत्तर स्तर तक के छात्र-छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतिभा खोज 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन के अंतर्गत प्रदेश के समस्त बोर्डों एवं राज्य/निजी विश्वविद्यालयों के इच्छुक छात्र https://upsanskritpratibhakhoj.com पर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

संस्कृत प्रतिभा खोज के अंतर्गत निम्नानुसार प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित हैं:

**मंडल स्तरीय प्रतियोगिताएँ**

➡ सभी विद्याशाखाओं के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए **संस्कृत सामान्य ज्ञान (युवा वर्ग)** प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

➡ प्रतिभागी छात्रों एवं उनके साथ आने वाले अभिभावकों/शिक्षकों को नियमानुसार मार्गव्यय प्रदान किया जाएगा।

➡ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः ₹3000/-, ₹2000/-, ₹1000/- की पुरस्कार राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएँगे।

➡ मंडल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएँ द्वितीय चरण (लखनऊ में)**

➡ राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी:

**1.** संस्कृत भाषण प्रतियोगिता **2.** संस्कृत श्रुतलेखन प्रतियोगिता 3. संस्कृत सामान्य ज्ञान (युवा वर्ग)

➡ प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु छात्रों के साथ आने वाले अभिभावक/शिक्षक को टिकट प्रस्तुत करने पर साधारण बस या ट्रेन शयनयान का मार्गव्यय प्रदान किया जाएगा।

➡ राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा तीन सांत्वना पुरस्कार निर्धारित हैं, जिनकी पुरस्कार राशि निम्नानुसार होगी:

- प्रथम पुरस्कार: ₹11,000/- - द्वितीय पुरस्कार: ₹7,000/-
- तृतीय पुरस्कार: ₹5,000/- - तीन सांत्वना पुरस्कार: ₹3,000/- प्रत्येक

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

- **ऑनलाइन आवेदन की अवधि:** 10 जुलाई 2025 से 15 अगस्त 2026 तक
- **मंडल स्तरीय प्रतियोगिता:** 20 सितम्बर 2026 से 30 सितम्बर 2026
- **राज्यस्तरीय प्रतियोगिता** 22 नवम्बर 2026 से 24 नवम्बर 2026

प्रतियोगिताओं के समुचित संचालन हेतु जनपद संयोजकों की नियुक्ति की गई है तथा आयोजन हेतु विद्यालय/महाविद्यालय निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता नियमावली, संयोजक का नाम, संपर्क विवरण, आयोजन स्थल आदि का विस्तृत विवरण संस्थान की वेबसाइट https://upsanskritpratibhakhoj.com पर उपलब्ध है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अधीनस्थ राज्य विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के कुलसचिवों/प्राचार्यों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें, जिससे संस्कृत प्रतिभा खोज–2026 की प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय

Digitally signed by
PREMENDRA KUMAR GUPTA
Date: 22.06.2026 14:15:35

(प्रेमेन्द्र कुमार गुप्त)
निदेशक

पत्रांक 257(1)/सं0सं0/2026 दिनांक- 01 / 07/ 2026

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

Scanned with OKEN Scanner